(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम): (क) क्रमशः 119 और (एक)।

(ख) और (ग) जी, हां। सरकार पंचायत ग्रामों में, जहां व्यवहार्य हो, सार्वजनिक टेलीफोनों से एस टी डी सुविधा प्रदान करने की योजना बना रही है।

(घ) उपर्युक्त (ग) को देखते हुए रशन नहीं उठता।

रेडियो टेलिफोन स्टेशनों की स्थापना

6. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे: क्या संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों के लिए रेडियो स्टेशन स्थापित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो 1 जनवरी, 1994 की स्थिति के अनुसार कार्यरत रेडियो टेलीफोन स्टेशनों का राज्यवार, ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में कार्यरत रेडियो टेलीफोन स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त प्रत्येक रेडियो स्टेशन को अपने सुचारू कार्यकरण में कोई कठिनाइयां पेश आ रही हैं;

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है, और

(च) सरकार इन रेडियो स्टेशनों के कार्यकरण में सुधार करने के लिए क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां।

(ख) ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है और इसे सदन-पटल पर रख दिया जाएगा।

(ग) 31.01.94 की स्थिति के अनुसार शोलापुर जिले के 119 पंचायत गावों में, रेडियो प्रणाली काम कर रही हैं।

(घ) जी नहीं।

(ङ) उपर्युक्त (घ) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(च) निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

(I) आवश्यक अवसंचारनात्मक सुविधाएं जैसे वाहन, कर्मचारी, अतिरिक्त पुर्जे और परीक्षण उपस्कर नियमित रूप से प्रदान किए जा रहे हैं।

(II) उपस्करों के निष्पादन का उपयुक्त नियंत्रण और अनुवीक्षण किया जा रहा है।

(III) ग्रामीण नेटवर्क में, अधिक विश्वसनीय माध्यम जैसे, अधुनातन प्रौद्योगिकी के रेडियो उपस्कर शामिल किए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में ग्राम-पंचायतों में टेलीफोन सेवाएं

7. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रत्येक ग्राम-पंचायत में टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करने की कोई नीति बनायी है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में दिए गए टेलीफोन कनेक्शनों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 1994 तक सरकार कौन-कौन सी ग्राम-पंचायतों को टेलीफोन कनेक्शन उपलब्ध कराने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां।

(ख) 31.1.94 तक महाराष्ट्र में 11666 पंचायत ग्रामों को टेलीफोन सुविधा प्रदान कर दी गई है। इसका जिला-वार ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिये)

(ग) वर्ष 1993-94 के दौरान 6000 पंचायत ग्रामों को टेलीफोन सुविधा प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लिए पंचायत ग्रामों का चुनाव तकनीकी व्यवहार्यता पर निर्भर करता है।

विवरण

31.1.1994 तक की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में टेलीफोन सुविधा वाले पंचायत ग्रामों का जिलावार ब्यौरा

क्र०सं०	जिले का नाम	पंचायत ग्रामों की कुल संख्या	31.1.94 तक टेलीफोन प्रदान किए गए पंचायत ग्रामों की कुल संख्या
1	2	3	4
1	अहमदनगर	1160	735
2	अकोला	936	315
3	अमरावती	804	493
4	औरंगाबाद	693	301
5	बीड	924	114
6	भन्डारा	1046	429
7	बुलढाना	828	352
8	चन्द्रपुर	804	315
9	धुले	962	488
10	गढ़चिरोली	458	123
11	जलगांव	1062	639
12	बालना	557	240
13	कोल्हापुर	913	578
14	लाटूर	637	233
15	नागपुर	710	632
16	नान्देड	1163	345
17	नासिक	220	849
18	उस्मानाबाद	540	201
19	परभनी	1073	240
20	पूना	1177	477
21	रायगढ़	660	471
22	रत्नगिरी	768	250
23	सागसी	631	453
24	सतारा	1213	494
25	शोलापुर	931	511
26	सिंधदुर्ग	388	159
27	थाने	882	533
28	वर्धा	481	290
29	यवतमाल	1123	320
30	गोवा	185	184
	जोड़ :	24937	11,666

Telephone Services By Foriegn Companies in Tamilnadu and Delhi

8. SHRI S. MADHAVAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Governments attention has been drawn to the news item published in the daily Hindu dated the 25th January, 1994 about Governments move to permit foriegn telecom companies to operate telephone services in Tamil Nadu and Delhi regions;

(b) whether private sector is likely to be allowed to set up telephone exchanges in collaboration with State Governments;

(c) whether any foreign company has submitted proposals to Government of India to operate phone services in Tamil Nadu with fixed wireless technology to serve rural areas;

(d) if so, what are the details thereof; and

(e) by when these proposals would be implemented?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir.

(b) Government has not taken any such decision in this regard.

(c) Yes, Sir.

(d) The proposal of M/s. U.S. West envisages initially provision of fixed wireless network to meet the telephone demand in Tirupur town of Tamilnadu. The surrounding rural areas will be covered by the use of PCOs.

(e) Does not arise in view of (b) above.

Expenditure on Advertisments

9. SHRI MOHAMMED AFAZL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what is the amount spent by the Ministry of Communications on